व्याख्या- राजस्थान में जस्ता गलन उद्योग, सीमेन्ट उद्योग, संगमरमर उद्योग इत्यादि खनिज पर आधारित हैं जबकि इलेक्ट्रॉनिक उद्योग खनिज आधारित उद्योग नहीं है।

- राजस्थान खनिजों के मामले में देश के समृद्धशाली राज्यों में स्थान रखता है। छत्तीसगढ़ और झारखण्ड राज्यों के गठन के पश्चात राजस्थान का अनके धात्विक और अधात्विक खनिजों के क्षेत्र में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान है। राजस्थान मे लगभग 57 प्रकार के खनिजों का विदोहन किया जाता है। अधात्विक खनिजों के उत्पादन मूल्य में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान है। देश में चांदी, केल्साईट और जिप्सम का लगभग पूरा उत्पादन राजस्थान में होता है। राज्य सीमेंट ग्रेड व स्टील ग्रेट लाइम स्टोन के उत्पादन में भी अग्रणी है। राजस्थान देश में लेड, जिंक अयस्क, सेलेनाइट और वोलस्टोनाइट का एक मात्र उत्पादक राज्य है। राजस्थान को संगमरमर, ग्रेनाइट और भवन निर्माण पत्थर के लिए देश का समृद्ध और विशाल संग्रहालय कहा जाता है। राजस्थान में लाइमस्टोन खनिज की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होने के कारण यहां सीमेंट उद्योग प्रमुखता से विकसित हुआ। सीमेंट उत्पादन की दृष्टि से राजस्थान का देश में द्वितीय स्थान है।
- राजस्थान पूरे विश्व में उत्तम किस्म के संगमरमर के लिए विख्यात है। यहाँ विभिन्न प्रकार एवं रंगों के संगमरमर विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जिनमें नागौर जिले में स्थित मकराना का सफेद संगमरमर विश्व प्रसिद्ध है।

(viii) राजस्थान में शिक्षा

1188. राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स की स्थापना किसने की?

(a) सवाई जय सिंह
(b) महाराजा सवाई राम सिंह II
(c) मानसिंह I
(d) मिर्जा राजा जय सिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स की स्थापना जयपुर के महाराजा सवाई राम सिंह द्वितीय द्वारा की गयी है। वर्ष 1857 ई. में 'मदरसा-ए-हुनारी' नाम से इस कला संस्थान की स्थापना हुई। 1886 ई. में इसे 'महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स के नाम से जाना जाने लगा। कला और संस्कृति को बढ़ावा देने वाला यह संस्थान राजस्थान का सबसे पुराना संस्थान है।

1189. हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है?

(a) बांसवाड़ा में (b) अदयपुर में
(c) जयपुर में (d) अलवर में

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जन संचार विश्वविद्यालय की स्थापना जयपुर में हुई है। इसके अतिरिक्त शेखावही विश्वविद्यालय-सीकर, बृज विश्वविद्यालय-भरतपुर, मत्स्य विश्वविद्यालय - अलवर में स्थित है।

1190. माह मार्च, 2022 में हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के लिए एक विधेयक पारित हुआ। यह विश्वविद्यालय स्थित है-

(a) जयपुर में (b) जोधपुर में
(c) बीकानेर में (d) अजमेर में

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (a) : हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (HJU) की स्थापना जयपुर में राजस्थान विद्यानमंडल के अधिनियम संख्या 11, वर्ष 2019 के अंतर्गत की गई थी। इसमें संशोधन के लिए राजस्थान विधानसभा ने मार्च, 2022 में हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर (संशोधन) विधेयक, मार्च, 2022 में हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर (संशोधन) विधेयक, 2022 पारित किया।

1191. राजस्थान सरकार की निम्नलिखित योजनाओं में से कौन सी प्रतियोगी परीक्षाओं को निःशुल्क तैयारी से सम्बन्धित है?

(a) नेहरू योजना
(b) इन्दिरा योजना
(c) गार्गी योजना
(d) अनुप्रति योजना

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (d) : वर्ष 2005 में राजस्थान सरकार द्वारा प्रारम्भ अनुप्रति योजना गरीब-मेधावी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को निःशुल्क तैयारी के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एवं आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यह यह योजना SC/ST/OBC/EBC/EWS व BPL परिवारों के प्रतिभावान अभ्यार्थियों हेतु है।

1192. राजस्थान सरकार 'बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय' की स्थापना करेगी-

(a) कामां, भरतपुर में
(b) जामडोली, जयपुर में
(c) जोधपुर में
(d) बारां में

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (b) : बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना राज्य सरकार द्वारा राजधानी जयपुर के जामडोली में की जा रही है। इसे वर्ष 2018 के बजट में ही घोषित किया गया था।

1193. राजस्थान के किस शहर में राजीव गाँधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी?

(a) जयपुर (b) भरतपुर
(c) कोटा (d) जोधपुर

PRSC RAS (Pre) 2022
RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (d) : राजीव गांधी फिटनेस डिजिटल इंस्टीट्यूट की स्थापना राज्य के जोधपुर जिले में की जाएगी। जिसकी घोषणा राज्य सरकार ने वर्ष 2021-22 के बजट में की

1194. फरवरी 2022 में प्रोफेसर के.एल. श्रीवास्तव को _____ के कुलपति पद पर नियुक्त किया गया।

(a) महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय
(b) राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय
(c) जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
(d) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022